अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

9 DEC. 2023

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams

**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **18 दिसंबर - अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस**




- प्रवासियों के योगदान को पहचानने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिए 18 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस मनाया जाता है।
- यह दिन दुनिया भर में प्रवासियों की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं पर प्रकाश डालता है।
- थीम 2023 - सभी के लिए बेहतर कल के लिए आज ही कार्य करें: प्रवासन की शक्ति को उजागर करने के लिए प्रवासियों के स्वास्थ्य में सुधार
- 4 दिसंबर 2000 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 18 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में घोषित किया।
- संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में 281 मिलियन से अधिक लोग अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी थे। इसमें कहा गया है कि 2021 के अंत तक 59 मिलियन से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए।

2. **कालीचरण सराफ बने 16वीं विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर**



- राजस्थान की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र जल्द बुलाया जा सकता है।
- वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ को आज प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है।
- शाम करीब 4:30 बजे राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।
- राजभवन में आज शाम राज्यपाल कलराज मिश्र ने कालीचरण सराफ को प्रोटेम स्पीकर के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे।
- जयपुर के मालवीय नगर से विधायक सराफ पूर्ववर्ती सरकारों में मंत्री भी रहे हैं। सराफ आठवीं बार MLA निर्वाचित हुए हैं।

3. **भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट खत्म करेगा मालदीव**



- यह समझौता 2019 में आईलैंड के पानी पर रिसर्च करने के लिए साइन हुआ था
- भारतीय सैनिकों की वापसी की मांग करने के बाद अब मालदीव ने भारत के साथ हुए हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट खत्म करेगा।
- गुरुवार देर रात मालदीव सरकार ने इस एग्रीमेंट को रिन्यू नहीं करने का फैसला किया।
- एग्रीमेंट 7 जून 2024 को एक्सपायर हो जाएगा।
- यह समझौता 2019 में मालदीव आईलैंड के पानी पर रिसर्च करने के लिए हुआ था।

4. **हरियाणा ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी**



- 30 साल पुराने टूर्नामेंट के फाइनल में राजस्थान को 30 रन से हराया
- सुमित कुमार प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे।
- उन्होंने नाबाद 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए।
- हरियाणा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है।
- टीम ने वनडे टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 30 रन से हराया। सुमित कुमार प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए।

- उन्होंने नाबाद 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए।
- साथ ही तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने डेथ ओवर्स में शानदार गेंदबाजी ती और 3 विकेट चटकाए।

**5. एक टाईगर को सिक्किम के पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य में 3,640 मीटर की ऊचाई पर देखा गया**



- एक टाईगर को सिक्किम के पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य में 3,640 मीटर की ऊचाई पर देखा गया। है, जो रिकार्ड में दर्ज किया गया है
- यह भारत में सबसे अधिक ऊंचाई है जहां बाघों को देखा गया है, जो अरुणाचल प्रदेश में 3,630 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया है।
- **पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य के बारे में-**
- पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य सिक्किम, बंगाल और भूटान के त्रि-संगम पर स्थित है। पूर्व में पंगोलखा श्रृंखला सिक्किम को भूटान से अलग करती है।
- यह सिक्किम का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है।

**6. Who ने सड़क सुरक्षा 2023 पर वैश्विक स्थिति रिपोर्ट जारी की**




- Who ने सड़क सुरक्षा 2023 पर वैश्विक स्थिति रिपोर्ट जारी की
- 2010 और 2021 के बीच, दुनिया भर में सड़क यातायात से होने वाली मौतों की संख्या 5% घटकर 1.19 मिलियन हो गई है, लेकिन भारत में मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है।
- 108 देशों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में कमी दर्ज की गई है।
- सड़क दुर्घटना दर 2010 में प्रति एक लाख लोगों में 18 से कम होकर 2021 में प्रति एक लाख में 15 हो गई है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन -**
- स्थापित - (1948)
- उद्देश्य -
- सदस्य - 194 राष्ट्र

**7. 'भारत की सबसे तेज' सोलर इलेक्ट्रिक नाव लॉन्च की गई**



- इसे तेज, लंबी मछली, बैराकुडा के नाम से जाना जाता है।
- यह नैवल्ट सोलर और इलेक्ट्रिक बोट्स द्वारा डिज़ाइन किया गया है और इसमें 12 यात्री और सामान को लेकर जाने की क्षमता है। इसे कठिन समुद्रों में एक वर्कबॉट के रूप में उपयोग किया जा सकता है।
- 14 मीटर लंबी, 4.4 मीटर चौड़ी इस जहाज की शीर्ष गति 12.5 नॉट्स (23 किमी/घंटा) तक हो सकती है और इसकी एकल चार्ज पर सात घंटे की रेंज है।


**8. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूरत एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया**




- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूरत एयरपोर्ट (Gujrat) को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है
- यह एयरपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार बनेगा
- **एयरपोर्ट से संबंधित करंट अफेयर्स-**
- मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने भारत का पहला एयरपोर्ट ड्राइव-थ्रू रेस्तरां, मुंबई में खोला है

- गुवाहाटी का गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 'डिजी यात्रा' सुविधा पाने वाला पूर्वोत्तर का पहला हवाई अड्डा बन गया है

9. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में काशी तमिल संगमम्-2 का उद्घाटन किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में काशी तमिल संगमम्-2 का उद्घाटन किया है
- काशी तमिल संगमम्-2 का आयोजन 17 से 31 दिसंबर 2023 तक किया जाएगा
- तमिलनाडु और काशी की कला, संगीत, हथकरघा, हस्तशिल्प, व्यंजन एवं अन्य विशेष उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी

- काशी तमिल संगमम् का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करते हुए ज्ञान और संस्कृति की परंपराओं को एक साथ लाना है

10. **ओला कैब ने भारत का पहला AI-मॉडल 'कृत्रिम' लांच किया**




- ओला कैब और इलेक्ट्रिक के फाउंडर भाविश अग्रवाल ने भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मॉडल 'कृत्रिम' लॉन्च किया है
- ये मॉडल OpenAI के चैटबोट चैटजीपीटी और गूगल के बार्ड को टक्कर देगा
- यह 22 भारतीय भाषाओं को समझ सकता है और हिंदी, तेलुगु, मराठी जैसी 10 भाषाओं में टेक्स्ट तैयार कर सकता है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 17 दिसंबर
(b) 18 दिसंबर
(c) 19 दिसंबर
(d) 20 दिसंबर

**2. राजस्थान की 16वीं विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर कौन बने है?**
(a) अमनप्रीत यादव
(b) आंजनेय पवार
(c) कालीचरण सराफ
(d) हरितवाल प्रताप

**3. हाल ही में भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट कौनसा देश खत्म करेगा?**
(a) मालदीव
(b) दक्षिण अफ्रीका
(c) ब्राजील
(d) सऊदी अरब

**4. हाल ही में किस राज्य की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है?**
(a) राजस्थान
(b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश
(d) गुजरात

**5. हाल ही में, पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य चर्चा में रहा, यह किस राज्य में स्थित है?**
(a) उत्तराखंड
(b) असम
(c) अरुणाचल प्रदेश
(d) सिक्किम

**6. सड़क सुरक्षा 2023 पर वैश्विक स्थिति रिपोर्ट किस संगठन द्वारा जारी की गई है?**
(a) International Road Assessment Programme (IRAP)
(b) Global Road Safety Partnership (GRSP)
(c) World Health Organization (WHO)
(d) United Nations Economic Commission for Europe (UNECE)

**7. हाल में लॉन्च की गई 'भारत की सबसे तेज' सोलर इलेक्ट्रिक नाव का नाम क्या है?**
(a) आदित्य
(b) बैराकुडा
(c) कलवेरी
(d) अर्जुन

**8. किस एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया गया है?**
(a) सूरत एयरपोर्ट
(b) खजुराहो एयरपोर्ट
(c) लखनऊ एयरपोर्ट
(d) दिल्ली एयरपोर्ट

**9. काशी तमिल संगमम्-2 का उद्घाटन कहां किया गया है?**
(a) बेंगलुरु
(b) चेन्नई
(c) वाराणसी
(d) नई दिल्ली

**10. भारत का पहला AI-मॉडल 'कृत्रिम' किसने लांच किया है?**
(a) गूगल
(b) माइक्रोसॉफ्ट
(c) ओला
(d) मेटा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (c) | (a) | (b) | (d) | (c) | (b) | (a) | (c) | (c) |